बिहार के 42वें राज्यपाल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **आरिफ मोहम्मद खान ने** [बिहार के 42वें राज्यपाल]() के रूप में शपथ ली।

मुख्य बिंदु

- **शपथ प्रशासन:**
  - **पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने राजभवन** में शपथ दिलाई।
  - समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके उपमुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता उपस्थित थे।
- **राज्यपाल:**
  - राज्यपाल की नियुक्ति, उसकी शक्तियाँ और राज्यपाल के पद से संबंधित सभी बातों पर **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 से अनुच्छेद 162 के तहत चर्चा की गई है।**
  - राज्यपाल की भूमिका भारत के राष्ट्रपति के समान ही है। वह **राज्य के कार्यकारी प्रमुख के रूप में कार्य करता है** और भारत के संविधान के तहत शासन तंत्र केंद्र सरकार के समान ही है।
  - कहा गया है कि राज्यपाल की दोहरी भूमिका होती है।
    - वह राज्य का **संवैधानिक प्रमुख** है, जो अपने मंत्रिपरिषद की सलाह से आबंधित है।
    - वह **केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।**

//

राज्यपाल

(भाग-III)

राष्ट्रपति- अनुच्छेद 52-78 (भाग V); राज्यपाल- अनुच्छेद 153-167 (भाग VI)

राज्यपाल व राष्ट्रपति-समानताएँ	
समानता का बिंदु	**विशेषताएँ**
प्रमुख	✦ दोनों अपने स्तर पर **नाममात्र के कार्यकारी प्रमुख** (संवैधानिक/शीर्षक प्रमुख) हैं
अध्यादेशों का प्रख्यापन	✦ दोनों के पास यह शक्ति है (**अनुच्छेद 123- राष्ट्रपति; अनुच्छेद 213- राज्यपाल**)
सिविल और आपराधिक कार्यवाही	✦ दोनों **कार्यकाल के दौरान किसी भी आपराधिक कार्यवाही से मुक्त** हैं; गिरफ्तार या कैद नहीं किया जा सकता। ✦ **2 महीने का नोटिस देकर सिविल कार्यवाही** शुरू की जा सकती है।
पुनर्नियुक्ति/पुनर्निर्वाचन	✦ दोनों एक ही कार्यालय में **पुनर्नियुक्ति/पुनर्निर्वाचन के पात्र** हैं
नियुक्ति अधिकारी	✦ जिस प्रकार राष्ट्रपति राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्तियाँ करता है वैसे ही राज्यपाल राज्य स्तर पर नियुक्ति करता है (**लोक सेवा आयोग के सदस्य, न्यायालयों के न्यायाधीश, चुनाव आयुक्त** आदि)।
विधानमंडल में भूमिका	✦ **राज्य/संघ विधानमंडल को आहूत करने या सत्रावसान करने** और राज्य विधानसभा/लोकसभा को भंग करने की शक्ति
वित्तीय शक्तियाँ	✦ राज्य/संघ स्तर पर **वित्त आयोग का गठन** करना
परिस्थितिजन्य विवेकाधीन शक्ति	✦ **प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री की नियुक्ति** (प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री की मृत्यु के मामले में या जब किसी दल के पास स्पष्ट बहुमत नहीं है) ✦ मंत्रिपरिषद की बर्खास्तगी ✦ लोकसभा/राज्य विधायिका को **भंग करना**

राज्यपाल बनाम राष्ट्रपति		
अंतर का बिंदु	**राष्ट्रपति**	**राज्यपाल**
निर्वाचन	अप्रत्यक्ष चुनाव	राष्ट्रपति द्वारा **नियुक्त**
प्रसादपर्यंतता का सिद्धांत	प्रसादपर्यंतता के सिद्धांत की कोई अवधारणा नहीं	**राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत** पद पर बना रहता है
अनुसूचित क्षेत्रों की घोषणा	किसी भी क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र के रूप में घोषित कर सकता है	भूमिका **सलाह/परामर्श के अधीन**
संविधान में संशोधन	विधेयक पर इसकी सहमति आवश्यक है	संविधान संशोधन में **कोई भूमिका नहीं**
क्षमादान शक्ति	मृत्युदंड की सजा/कोर्ट मार्शल द्वारा दी गई सजा को माफ कर सकता है	**मृत्युदंड की सजा को माफ नहीं कर सकता**; सैन्य मामलों में कोई भूमिका नहीं
संवैधानिक विवेकाधिकार	कोई संवैधानिक विवेकाधिकार नहीं	किसी **विधेयक को सुरक्षित रखने, राष्ट्रपति शासन** लगाने और किसी **निकटवर्ती केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन** के संदर्भ में संवैधानिक विवेकाधिकार
महाभियोग की स्थिति	संविधान का उल्लंघन	**कोई आधार निर्धारित नहीं**

https://youtu.be/-RckuAQgyqc

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/42nd-governor-of-bihar